अराजक तत्वों पर करें कार्रवाई : डीआईजी

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस उपमहानिरीक्षक शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर श्रावस्ती पहुंचे। उन्होंने भोजनालय व पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। साथ ही पुलिस अधिकारियों संग बैठक कर अपराधियों व अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया।

श्रावस्ती पहुंचे पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा को सिरसिया क्षेत्र के बाबा विभूतीनाथ मंदिर में नवनिर्मित पुलिस चौकी में सम्मान गार्द की ओर से सलामी दी गयी। इसके बाद उन्होंने जनसहयोग से बनी पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद डीआईजी ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया के साथ कोतवाली भिनगा में पहुंच कर पुनर्निमित आरक्षी भोजनालय का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर में डीएम व एसपी के साथ पौधरोपण किया। कोतवाली के शस्त्रागार, लाकअप, मालखाना व थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ सफाई का निर्देश दिया। कार्यालय के अभिलेखों की जांच की। उन्होंने निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदलकर नए प्राप्त करने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से संबंधित लावारिस व जप्त वाहनों की नीलामी तथा शस्त्र धारकों का सत्यापन कर उनका डिजिटल डोजियर तैयार करने का निर्देश दिया। डीआईजी ने पुलिस कार्यालय सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। नवरात्रि व आगामी त्योहारों में शांति व कानून व्यवस्था बनाए का निर्देश दिया।